दिन– शुक्रवार | दिनांक– 14 / 03 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। | अवधिः– 15 मिनट

---

01. केन्द्र सरकार ने वेव्स दो हजार पच्चीस के अंतर्गत क्रिएटर अर्थव्यवस्था के लिए एक अरब डॉलर के कोष की घोषणा की।

02. राज्य सरकार ने अल्पसंख्यक कल्याण की सात सौ चौबीस करोड़ रूपये की योजनाओं की अनुशंसा केन्द्र सरकार को भेजी।

03. सेवानिवृत्त आइएएस अधिकारी अशोक कुमार चौधरी की अध्यक्षता में सप्तम राज्य वित्त आयोग का हुआ गठन।

04. और, परिवहन सचिव संजय अग्रवाल ने कहा– इकतीस मार्च तक ड्राईविंग लाईसेंस और वाहन रजिस्ट्रेशन में मोबाइल नंबर अपडेट नहीं करने वाले व्यक्तियों पर लगेगा जुर्माना।

---

सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने विश्व दृश्य–श्रव्य और मनोरंजन शिखर सम्मेलन–वेव्स दो हजार पच्चीस के अंतर्गत क्रिएटर अर्थव्यवस्था के लिए एक अरब डॉलर के कोष की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि पहली से चार मई तक मुंबई में होने वाला यह कार्यक्रम क्रिएटर समुदाय को एक मंच प्रदान करेगा। श्री वैष्णव ने कल नई दिल्ली में वेव्स दो हजार पच्चीस पर एक उच्च स्तरीय सत्र को संबोधित किया। सूचना और प्रसारण मंत्रालय के इस सत्र का उद्देश्य वेव्स दो हजार पच्चीस से पहले अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को शामिल करना था। श्री वैष्णव ने यह भी बताया कि पहला भारतीय रचनात्मक प्रौद्योगिकी संस्थान–आईआईसीटी मुंबई के गोरेगांव में फिल्म सिटी के पास स्थापित किया जाएगा।

---

राज्य सरकार ने अल्पसंख्यक कल्याण की सात सौ चौबीस करोड़ रूपये की योजनाओं की अनुशंसा केन्द्र सरकार को भेजी है। मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा की अध्यक्षता में अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की राज्य स्तरीय बैठक में सबसे अधिक दो सौ करोड़ रूपये की योजनाओं की अनुशंसा अररिया जिले के लिए की गयी है। इसके साथ ही कटिहार, किशनगंज, पूर्णियां, दरभंगा और पश्चिम चम्पारण जिले के लिए भी योजनाओं की अनुशंसा की गयी है।

---

राज्य सरकार ने सेवानिवृत्त आइएएस अधिकारी अशोक कुमार चौधरी की अध्यक्षता में सप्तम राज्य वित्त आयोग का गठन किया है। सरकार की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार तीन सदस्यीय आयोग में अनिल कुमार और डॉक्टर कुमुदनी सिन्हा को सदस्य मनोनीत किया गया है। सप्तम राज्य वित्त आयोग की अनुशंसाएं वित्तीय वर्ष दो हजार छब्बीस–सत्ताईस तक के लिए लागू होंगी.

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपनी प्रगति यात्रा के दौरान किये गये वादों को समय से पूरा करने के निर्देश अधिकारियों को दिये हैं। उन्होंने मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा समेत वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक में कहा कि प्रगति यात्रा के दौरान की गयी घोषणाओं को कैबिनेट द्वारा मंजूरी प्रदान कर दी गयी है। इन कार्यों के कार्यान्वयन में तेजी लाए और समय पर पूरा करें। मुख्यमंत्री ने कार्यों को पूरी पारदर्शिता और गुणवत्ता के साथ सम्पन्न करने का निर्देश भी दिया।

---

उत्तर बिहार ग्रामीण बैंक में हुई लगभग तीन करोड़ रूपये से अधिक की वित्तीय अनियमितता और गबन मामले की जांच सीबीआइ करेगी। राज्यपाल से अनुमति के बाद गृह विभाग की आरक्षी शाखा ने इसकी अधिसूचना जारी कर दी है। वित्तीय अनियमितता का मामला उत्तर बिहार ग्रामीण बैंक के गोपालगंज जिले की मांझागढ़ शाखा से जुड़ा है।

---

परिवहन सचिव संजय अग्रवाल ने लोगों से इकतीस मार्च तक ड्राईविंग लाईसेंस और वाहन रजिस्ट्रेशन में मोबाइल नंबर अपडेट करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि मोबाईल नम्बर अपडेट नहीं कराने वाले व्यक्तियों पर जुर्माना लगाया जायेगा। श्री अग्रवाल ने कहा कि ऐसे वाहनों का प्रदूषण प्रमाण पत्र और फिटनेस प्रमाण पत्र भी जारी नहीं किये जायेंगे। उन्होंने कहा कि सितम्बर दो हजार चौबीस से अब तक बत्तीस हजार से अधिक लोगों ने वाहन रजिस्ट्रेशन में अपना आधार लिंक्ड मोबाईल नम्बर अपडेट कर लिया है।

---

केन्द्रीय चयन पर्षद, सिपाही भर्ती ने कहा है कि बिहार पुलिस में लगभग बीस हजार सिपाहियों की भर्ती के लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों के अठारह अप्रैल तक बने प्रमाण पत्र ही मान्य होंगे। पर्षद ने जारी निर्देश में कहा है कि अठारह अप्रैल तक बने सभी शैक्षणिक, जाति और आवास प्रमाण पत्र को स्वीकार किया जायेगा। पर्षद ने

कहा कि आवेदन की अंतिम तिथि अठारह अप्रैल है और इसके बाद जारी कोई भी प्रमाण पत्र मान्य नहीं होंगे।

---

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने शिक्षकों की तृतीय सक्षमता परीक्षा के लिए आवेदन की अंतिम तिथि बाईस मार्च तक बढ़ा दी है। पहले यह तिथि बाहर मार्च तक थी। सक्षमता परीक्षा से वंचित शिक्षक तृतीय सक्षमता परीक्षा में शामिल हो सकते हैं। परीक्षा मई महीने में होने की सम्भावना है।

---

पटना के जिलाधिकारी डॉक्टर चंद्रशेखर सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना, ग्रामीण के तहत प्रतीक्षा सूची से छूटे हुए योग्य लाभुकों के सर्वेक्षण का काम किया जा रहा है और सर्वे इकतीस मार्च तक पूरा कर लिया जायेगा। उन्होंने कहा कि सर्वेक्षण के लिए पंचायत स्तर पर ग्रामीण आवास सहायक और पंचायत रोजगार सेवक को जिम्मेदारी सौंपी गयी है।

---

दुनिया की सबसे बड़ी घरेलू सौर ऊर्जा पहल– पीएम सूर्य घर मुफ़्त बिजली योजना ने दस लाख लाभार्थियों के साथ एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। पिछले वर्ष फरवरी में शुरू की गई यह योजना देश की बिजली व्यवस्था को तेज़ी से बदल रही है। इस पहल के अंतर्गत छह लाख से अधिक लाभार्थियों को सब्सिडी के रूप में चार हजार सात सौ सत्तर करोड़ रुपये से अधिक की राशि प्रदान की गई है। तीन किलोवाट तक के आवासीय सौर ऊर्जा प्रणाली की स्थापना के लिए परिवार को लगभग सात प्रतिशत ब्याज पर बिना किसी जमानत के ऋण प्रदान किया जाता है।

---

पूरे प्रदेश में होली का माहौल है। हर तरफ उत्साह और उमंग व्याप्त है। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार इस वर्ष फाल्गुन शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा दो दिन होने के कारण प्रदेश में होलिका दहन के एक दिन बाद कल होली मनायी जायेगी। हालांकि कुछ जगहों पर होली आज भी मनायी जा रही है। हमारे संवाददाताओं ने बताया है कि होलिका दहन का कार्यक्रम देर रात सम्पन्न हुआ। लोगों ने उत्साह के साथ इसमें भाग लिया। इस दौरान होली के गीत भी गाये गये। होली को लेकर लोगों में विशेष उत्साह दिख रहा है। विभिन्न हिस्सों में बाजार रंग, गुलाल और पिचकारी से गुलजार है।

---

लोगों में होली को लेकर विशेष उत्साह दिख रहा है। बाजार रंग–गुलाल और पिचकारी से गुलजार है। एक रिपोर्ट...

———रिपोर्ट———

पिचकारी, रंग और हर्बल गुलाल की दुकानों पर लोगों की भीड़ देखी जा रही है। एम्स नई दिल्ली के त्वचा रोग विभाग के प्रमुख डॉक्टर कौशल वर्मा ने लोगों को त्यौहार के दौरान प्राकृतिक रंगों का इस्तेमाल करने और सिंथेटिक रंगों से बचने की सलाह दी है।

———बाइट—— डॉक्टर कौशल वर्मा———

होली के समय गीले रंगों का इस्तेमाल न करें सूखे रंगों का या गुलाल का इस्तेमाल करें कभी—कभी होली के टाइम लोग ये पेंट वार्निश, किचड जैसी चीजों का इस्तेमाल करते हैं, होली खेलने के लिए। इसको बिल्कुल भी न करें इससे त्वचा को नुकसान पहुंचता है।

समाचार कक्ष से मैं प्रियंका कुमारी।

---

होली पर्व को देखते हुए प्रदेशभर में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये गए हैं। पुलिस महानिदेशक विनय कुमार ने बताया कि असामाजिक तत्वों पर विशेष नजर रखी जा रही है।

———बाइट———

पुलिस महानिदेशक ने बताया कि होली और जुमे की नमाज को देखते हुए विशेष सतर्कता बरती जा रही है। संवदेनशील इलाकों में बड़े पैमाने पर सुरक्षा बलों की तैनाती की गयी है।

———बाइट———

होली के मद्देनजर अस्पतालों और अग्निशमन विभाग को भी अलर्ट रहने का निर्देश दिया गया है। पुलिस मुख्यालय ने उग्रवाद प्रभावित जिलों में कड़ी निगरानी बरतने का निर्देश दिया है। इधर, पटना समेत कई जिलों में विभिन्न स्थानों पर शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए पुलिस ने फ्लैग मार्च किया गया। सुरक्षा को लेकर राजधानी पटना में चार हजार से अधिक पुलिस कर्मी तैनात किये गये हैं।

---

उत्तर रेलवे होली के त्यौहार पर सुविधाजनक यात्रा के लिए चार सौ से अधिक विशेष रेलगाडियां चला रहा है। दिल्ली—एनसीआर के विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर यात्रियों की सुविधा के लिए व्यापक इंतजाम किए गए हैं। उत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी हिमांशु शेखर उपाध्याय ने बताया कि यात्रियों के सुविधा के लिए कंट्रोल रूम और प्रतीक्षालय बनाए गए हैं।

———बाईट———

चार सौ से ज्यादा स्पेशल ट्रेन्स का संचालन किया जा रहा है। इसके अलावा जो और रेलवे के द्वारा जैसे—ईसीआर है, ईस्ट सेन्टर रेलवे, नार्थ सेन्टर रेलवे, नार्दन रेलवे ऐसे अलग अलग जो रेलवे हैं उनके द्वारा जो ट्रेन चलाई जायेगी नार्दन रेलवे के तरफ वो अलग हैं। नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर करीब—करीब 26 हजार स्क्वायरफिट का होल्डिंग एरिया का डेवलपमेंट किया गया है। इसी प्रकार से आनन्द विहार में पांच हजार स्क्वायरफिट का होल्डिंग कम टिकटिंग एरिया बनाया गया है।

इधर, यात्रियों की भारी भीड़ को देखते हुये पूर्व मध्य रेलवे भी प्रदेश के प्रमुख शहरों से होली विशेष ट्रेनों का परिचालन कर रहा है।

---

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड–सीबीएसई ने कहा है कि शनिवार पन्द्रह मार्च को होने वाली कक्षा बारहवीं की परीक्षाएं देश के विभिन्न हिस्सों में होली के त्योहार के बावजूद तय समय पर ही आयोजित की जाएंगी। बोर्ड ने एक बयान में कहा कि हिंदी कोर और हिंदी वैकल्पिक विषयों के लिए कक्षा बारहवीं की परीक्षाएं निर्धारित तिथि पर ही आयोजित की जाएंगी। जो छात्र पन्द्रह मार्च को परीक्षा में शामिल नहीं हो पाएंगे, उन्हें राष्ट्रीय या अंतरराष्ट्रीय स्तर के खेल आयोजनों में भाग लेने वाले छात्रों के लिए आयोजित विशेष परीक्षा में शामिल होने का अवसर दिया जाएगा।

---

प्रदेश के अधिकतम और न्यूनतम तापमान में लगातार बढ़ोतरी का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार अधिकतम तापमान अट्ठाईस डिग्री सेल्सियस से छत्तीस डिग्री सेल्सियस के बीच पहुंच गया है। वहीं, न्यूनतम तापमान में भी एक से दो डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी दर्ज की गयी है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान छत्तीस दशमलव सात डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ बक्सर राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा। मौसम विज्ञान केंद्र, पटना के वैज्ञानिक ने बताया कि अगले बहत्तर घंटों के दौरान अधिकतम तापमान में एक से तीन डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोतरी की सम्भावना है।

–––बाइट–––

---

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के हवाले से लिखा है– पटना एयरपोर्ट के सभी निर्माण कार्य जून तक करें पूरा।

दैनिक जागरण की सुर्खी है– होली अब वैश्विक, यूनेस्को की सूची में होगी शामिल।

दैनिक भास्कर लिखता है– आईआईटी पटना में सीबीआई का छापा, कई फाईलें ले गयी।

प्रभात खबर की सुर्खी है– रमजान में एक घंटा पहले आयेंगे और जायेंगे मुस्लिम शिक्षक और कर्मी।

आज अखबार लिखता है– पाकिस्तान में आत्मघाती हमला दस आतंकी ढेर।

राष्ट्रीय सहारा का शीर्षक है– अब साठ वर्ष वालों को भी मिलेगा आयुष्मान कार्ड।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर......

01. केन्द्र सरकार ने वेव्स दो हजार पच्चीस के अंतर्गत क्रिएटर अर्थव्यवस्था के लिए एक अरब डॉलर के कोष की घोषणा की।

02. राज्य सरकार ने अल्पसंख्यक कल्याण की सात सौ चौबीस करोड़ रूपये की योजनाओं की अनुशंसा केन्द्र सरकार को भेजी।

03. सेवानिवृत्त आइएएस अधिकारी अशोक कुमार चौधरी की अध्यक्षता में सप्तम राज्य वित्त आयोग का हुआ गठन।

04. और, परिवहन सचिव संजय अग्रवाल ने कहा– इकतीस मार्च तक ड्राईविंग लाईसेंस और वाहन रजिस्ट्रेशन में मोबाइल नंबर अपडेट नहीं करने वाले व्यक्तियों पर लगेगा जुर्माना।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर बाद तीन बजकर दस मिनट पर प्रसारित किया जायेगा।